बुधवार 19 जुलाई 2023

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज



आधी रात चौसा उत्पाद चेक पोस्ट पर कट्टा के साथ दो गिरफ्तार, एक फरार

3



विश्वामित्र हॉस्पीटल गोलम्बर बक्सर में डा.यूके सिंह व डा. आर के झा के टीम के द्वारा दूरबीन विधी से प्रोस्टेट, जीबी स्टोन, किडनी स्टोन, अपेंडिक्स , हर्निया, बच्चेदानी, बवासीर, पेट में गांठ या ट्यूमर, ब्रेस्ट ट्यूमर आदि का सफल ऑपरेशन होता है।

मंदाकिनी सलिल चंदन चर्चिताय नंदीश्वर प्रमथनाथ महेश्वराय। मंदारपुष्प बहुपुष्प सुपूजिताय तस्मे मकराय नमः शिवाय।।



सावन महीने के पावन अवसर पर सभी जिलेवासियों एवं शिवभक्तों व कांवरियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

विश्वामित्र हॉस्पीटल

लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जन

विश्वामित्र हॉस्पीटल गोलम्बर,बक्सर

मोबाईल नम्बर - 9122950441



! मन छोड़ व्यर्थ की चिंता तू शिव का नाम लिए जा शिव अपना काम करेंगे तू अपना काम किए जा,

## बेंगलुरु में हुई बैठक में यूपीए का नाम बदलकर इंडिया किया गया, इधर, पीएम नरेंद्र मोदी की अगुवाई में एनडीए ने भी की बैठक

# इंडिया करेगा एनडीए पर वार

- कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बोले- हमें आपसी मतभेद भुलाकर केंद्र सरकार के खिलाफ लड़ने की जरूरत है
- मुंबई में होनेवाली विपक्ष की अगली बैठक में गठित की जाएगी 11 सदस्यीय समन्वय समिति

**एजेंसी/बेंगलुरु**

अगले साल यानी 2024 का लोकसभा चुनाव एनडीए बनाम इंडिया के बीच होगा। कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में यूपीए की बैठक के बाद अब यूपीए का नाम बदलकर इंडिया यानि इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्सूलिव एलायंस कर दिया गया है। बैठक में कांग्रेस समेत कुल 26 दल के नेता शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि विपक्ष के विधायकों को बीजेपी में जाने और सरकार गिराने के लिए ब्लैकमेल किया जा रहा या उन्हें रिश्वत दी जा रही है। हमें आपसी मतभेद भुलाकर केंद्र सरकार के खिलाफ लड़ने की जरूरत है। खरगे ने कहा कि विपक्ष की अगली बैठक मुंबई में होगी। उन्होंने कहा कि तारीख की घोषणा जल्द की जाएगी। इसके साथ ही 11 सदस्यीय समन्वय समिति गठित की जाएगी। उन्होंने बताया कि समिति के सदस्यों के नामों की घोषणा मुंबई में की जाएगी।



### राहुल गांधी बोले... आज देश की आवाज को कुचला जा रहा

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि यह एनडीए और इंडिया की लड़ाई है। नरेन्द्र मोदी और इंडिया के बीच लड़ाई है। यह लड़ाई विपक्ष और भाजपा के बीच नहीं है। देश की आवाज को कुचला जा रहा है, यह लड़ाई देश के लिए है। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पीएम मोदी ने लगभग हर क्षेत्र को चौपट कर दिया है। उन्होंने लोगों के बीच नफरत पैदा कर दी है। अर्थव्यवस्था खस्ताहाल है। महंगाई चरम पर है। अब भारत के लोगों के लिए उनसे छुटकारा पाने का समय आ गया है। इसलिए समान विचारधारा वाली सभी पार्टियां एक साथ आ रही हैं।

### लालू प्रसाद बोले... हमें देश को बचाना है, लोकतंत्र बचाना है

बैठक को लेकर राष्ट्रीय जनता दल के प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने कहा कि यह बैठक देश के लिए जरूरी है। हमें देश को बचाना है, लोकतंत्र बचाना है। किसान, मजदूर, नौजवान सभी की रक्षा करनी है। अब मोदी सरकार की विदाई करनी है। बैठक में कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, एनसीपी चीफ शरद पवार, टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी, बिहार के सीएम नीतीश कुमार, द्रमुक नेता व तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन, राजद प्रमुख लालू यादव, शिवसेना के प्रमुख उद्धव ठाकरे, झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन, सपा प्रमुख अखिलेश यादव व अन्य शामिल हुए।

# एनडीए पर सभी का विश्वास : मोदी

- बैठक में बोले पीएम मोदी-एनडीए का मतलब है- एन से न्यू इंडिया, डी से डेवलप नेशन और ए से एसपिरेशनल पीपल विजन

**एजेंसी/नई दिल्ली**

भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की बैठक मंगलवार को दिल्ली में आयोजित हुई। इसमें शामिल होने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहुंचे। यहां भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा (सेक्युलर) के जीतन राम मांझी, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) के ई पलानीस्वामी सहित कुछ अन्य नेताओं ने उनका स्वागत किया। इस बैठक में 38 दलों के प्रमुख शामिल हुए। पीएम मोदी ने कहा कि राज्यों के विकास से देश का विकास, इस मंत्र के साथ एनडीए ने हमेशा काम किया है। मैं नए साथियों का हृदय से स्वागत करता हूं। एनडीए के 25 वर्षों की यात्रा के साथ एक और सुखद संयाग जुड़ा है। यह वह समय है , जब हमारा देश आने वाले 25 साल के लिए बड़े लक्ष्य की ओर कदम बढ़ा रहा है। यह लक्ष्य विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत का है। इस अहम कालखंड में एनडीए की बहुत बड़ी भूमिका है। यह नई ऊर्जा से भरी हुई।



उन्होंने कहा कि एनडीए का मतलब है- एन से न्यू इंडिया, डी से डेवलप नेशन और डी से एसपिरेशनल पीपल विजन। सभी का विश्वास एनडीए पर है। अर्थशास्त्री से लेकर कई अहम लोग भी यही मानते हैं। सरकारें बहुमत से बनती हैं, लेकिन देश सबके प्रयास से चलता है। ऐसे में एनडीए सबके प्रयास के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि जो भी गठबंधन नकारात्मकता के साथे बने वह कभी सफल नहीं हो पाए। अतीत में कांग्रेस ने कई सरकारें बनाई और बिगाड़ी। कांग्रेस ने गठबंधन का इस्तेमाल अपने फायदे के लिए। इन सब के बीच एनडीए का गठन किया गया। एनडीए किसी के विरोध के लिए या किसी को सत्ता से हटाने के लिए नहीं बना था, इसका गठन देश में स्थिरता लाने के लिए किया गया था। यह बैठक ऐसे समय में हो रही है, जब विपक्षी दलों ने आज ही बेंगलुरू में अपनी दूसरी बैठक की और अपने गठबंधन का नाम ह्यइंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव एलायंस (इंडिया) रखा है। बेंगलुरू में हुई विपक्षी दलों की बैठक में 26 विपक्षी दलों ने हिस्सा लिया। विपक्षी दलों की संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक ट्वीट किया। उन्होंने लिखा, 'यह बहुत की खुशी की बात है कि हमारे एनडीए गठबंधन के साथी आज दिल्ली में एकत्र हुए हैं। हमारा गठबंधन समय की कसौटी पर खरा उतरने वाला गठबंधन है, जो राष्ट्रीय प्रगति को आगे बढ़ाना और क्षेत्रीय आकांक्षाओं को पूरा करना चाहता है।

# सहारा में निवेशकों के फंसे पैसे वापस मिलेंगे अमित शाह ने लांच किया सहारा रिफंड पोर्टल

**एजेंसी/नई दिल्ली**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को सहारा रिफंड पोर्टल को लॉन्च किया। इस पोर्टल के जरिए सहारा में निवेशकों के फंसे पैसे वापस मिलेंगे। देशभर के लाखों निवेशकों के करोड़ों रुपये सहारा इंडिया में फंसे हुए हैं। इस पोर्टल के लॉन्च होने से निवेशकों को उम्मीद जगी है कि उनके निवेश किए पैसे अब वापस मिल जाएंगे। सहारा रिफंड पोर्टल के शुभारंभ कार्यक्रम में अमित शाह ने कहा कि सहारा की सहकारी समितियों में जिन लोगों के रुपये कई सालों से डूबे हुए थे, उसे लौटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। सहारा रिफंड पोर्टल के जरिए पारदर्शी तरीके से 5,000 करोड़ रुपये निवेशकों को वापस मिलेंगे।



उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी की सरकार ने निवेशकों के हितों को लेकर पहल रिफंड पोर्टल के जरिए की है। 45 दिनों के भीतर जमाकताओं के बैंक खाते में पैसा वापस कर दिया जाएगा।

इस रिफंड पोर्टल के जरिए उन निवेशकों की रकम वापस मिलेगी, जिनके निवेश की मैच्योरिटी पूरी हो चुकी है। इस पोर्टल पर निवेशक अपना नाम दर्ज कराएंगे। निवेशकों के दस्तावेज सहारा समूह की समितियों द्वारा 30 दिन के भीतर वेरिफाई किए जाएंगे। इसके बाद ऑनलाइन क्लेम दर्ज करने के 15 दिन के भीतर SMS के जरिए निवेशकों को सूचित किया जाएगा। इसके बाद बैंक खाते में निवेश की रकम आ जाएगी। यानी इस प्रोसेस में कम से कम 45 दिन लगेंगे।

# एनडीए के हुए चिराग, बोले- हमारी शर्तें नहीं, चिंताएं थीं

**एजेंसी/नई दिल्ली**

लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के चिराग पासवान भी अब एनडीए के साथ आ गए हैं। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात के बाद चिराग पासवान ने ये फैसला लिया है। चिराग पासवान ने एनडीए में शामिल होने के बाद कहा, हमारी शर्तें नहीं, हमारी चिंताएं थी, उनको बीजेपी के समक्ष रखा। आम सहमति बनने के बाद अमित शाह से मुलाकात हुई। जेपी नड्डा से भी मुलाकात हुई। पार्टी ने ये तय किया है कि हम एनडीए के साथ जाएंगे। उन्होंने कहा, इस बार बिहार की 40 सीटों पर जीत की रणनीति होगी। हम सीटों को लेकर कोई भी चर्चा सार्वजनिक नहीं करेंगे। हाजीपुर को लेकर हमने बात की है। 2024 के चुनाव में एलजेपी रामविलास का ही प्रत्याशी चुनाव लड़ेगा।

### पीएम मोदी ने चिराग को लगाया गले

एनडीए में शामिल दल 18 जुलाई को दिल्ली के अशोका होटल में एकजुट हुए। इसी दौरान पीएम नरेंद्र मोदी और चिराग पासवान की मुलाकात सुर्खियों में रही। दरअसल मीटिंग में हिस्सा लेने के लिए जब पीएम नरेंद्र मोदी बैठक में पहुंचे तो उन्होंने चिराग पासवान को देख अपने करीब आने का इशारा किया। चिराग उनके करीब पहुंचे और उनका पैर छूकर आशीर्वाद लिया। इसके बाद मोदी ने चिराग को तपाक से गले लगा लिया। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।



सावन के पावन महीने के अवसर पर सभी जिले वासियों, कांवरियों व ग्राहकों को शुभकामनाएं



जय श्रीमन्नारायण

HOTEL ANAND VIHAR & RESTAURANT

होटल आनंद विहार एंड रेस्टोरेंट



24 x 7 सेवा उपलब्ध

शादी-विवाह, तिलक, मुण्डन, बर्थ-डे पार्टी एवं अन्य शुभ अवसरों के लिए बुकिंग कराएं।

- Fully air conditioned room
- Banquet Hall
- Conference Hall

RESTAURANT

स्वादिष्ट व सस्ता भोजन उपलब्ध

फास्ट-फूड, शाकाहारी व मांसाहारी भोजन मेनू के अनुसार व्यवस्था

Near Dumraon Railway Station, BUXAR | Mob +91 8210408264

R. L. COMPLEX

DUMRAON

TRENDS MALL

आपके बजट में डिजाईनिंग कपड़ों की विशाल रेंज उपलब्ध

R. L. COMPLEX 2nd & 3rd Booking open



Station road Dumraon
Near Vishnu bhgawan Mandir
Buxar, Bihar



Director

Vinod Kumar Rai

R. L. COMPLEX

ANAND VIHAR HOTEL & RESTAURANT

Mob - +918340717039

## स्वास्थ्य संबंधी गुणवत्तापूर्ण सेवाओं के लिए मिलता है यह सर्टिफिकेट

# सात जिला अस्पतालों को मिला राज्य स्तरीय एनक्यूएएस सर्टिफिकेशन

**केटी न्यूज/पटना**

राज्य के सात सदर अस्पतालों को राज्य स्तरीय एनक्यूएएस (नेशनल क्वालिटी एस्सुरेंस स्टैंडड्र्स) प्रमाणपत्र मिला है। इनमें बेगूसराय, खगड़िया, मधेपुरा, सहरसा, बांका, समस्तीपुर तथा सीतामढ़ी सदर अस्पताल शामिल हैं। सरकारी अस्पतालों में आये मरीजों की गुणवत्तापूर्ण सेवा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एनक्यूएएस यानी नेशनल क्वालिटी एश्यूरेंस स्टैंडर्ड प्रमाणीकरण जारी किया जाता है। इस संबंध में राज्य स्वास्थ्य समिति के सचिव सह कार्यपालक निदेशक संजय कुमार सिंह ने इन जिलों के सिविल सर्जनों को पत्र लिख आवश्यक दस्तावेज भेजे जाने का निर्देश दिया है। नेशनल क्वलिटी एश्यूरेंस स्टेंडर्ड प्रमाणीकरण प्रक्रिया के तहत विभिन्न चरणों में सरकारी अस्पतालों में मौजूद गुणवत्तापूर्ण सेवाओं की जांच कर स्कोरिंग की जाती है। इस स्कोरिंग में बेगूसराय सदर अस्पताल को 86 प्रतिशत, खगड़िया सदर अस्पताल को 90 प्रतिशत, मधेपुरा को 78, सहरसा को 90, बांका को 88, समस्तीपुर को 81 तथा सीतामढ़ी सदर अस्पताल को 76 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए हैं।

**मरीजों को मिलने वाली स्वास्थ्य सेवाओं का सर्वेक्षण:** इन जिलों के सदर अस्पतालों का दौरा कर मरीजों को दी जाने वाली स्वास्थ्य सेवाओं और सुविधाओं का सर्वेक्षण किया गया। इस सर्वेक्षण में मरीजों से बातचीत और अन्य प्रक्रियाएं पूरी की गयी। नेशनल क्वालिटी एश्यूरेंस स्टैंडर्ड प्रमाणीकरण इस बात का प्रमाण है कि अस्पताल में निर्धारित मानकों को पूरा कर मरीजों का इलाज किया जाता है। सर्वे के आधार पर अंक प्रदान किये जाते हैं। सर्टिफिकेशन से पूर्व क्वालिटी एश्यूरेंस के लिए विभिन्न श्रेणियां निर्धारित की जाती हैं।

**विभिन्न विभागों की मानकों पर होती है जांचः** अस्पताल के विभिन्न विभागों में मौजूद सेवाओं के आधार पर क्वालिटी एश्यूरेंस सर्टिफिकेशन जारी किया जाता है, जिसमें ओपीडी, लेबर रूम, मैटरनिटी वार्ड, शिशु वार्ड, एनएनसीयू, एनआसी, ऑपरेशन थियेटर, ब्लड बैंक, लैब, रेडियोलॉजी, फॉमेर्सी व अन्य विभागो सहित सामान्य प्रशासन शामिल है। सभी की जांच कर चेकलिस्ट भरा जाता है और इस आधार पर अस्पतालों की स्कोरिंग की जाती है।

**गुणवत्तापूर्ण सेवाओं की जांच के लिए है एनक्यूएएसः** स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी होने वाली क्वॉलिटी एश्यूरेंस स्टेंडर्डस प्रमाणीकरण कई चरणों में पूरी होती है। इस प्रक्रिया के प्रारंभ में प्रत्येक अस्पताल अपने यहां मौजूद स्वास्थ्य सेवाओं और आधारभूत संरचनाओं का मूल्यांकन स्वयं करती हैं और इसकी रिपोर्ट राज्य को भेजती है। इसके बाद उस स्वास्थ्य केंद्र का पीयर असेसमेंट किया जाता है जिसमें दूसरे जिलों के स्वास्थ्य अधिकारियों की टीम उस अस्पताल का मूल्यांकन करती है। इसके बाद राज्य स्तरीय स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा पुनः उस अस्पताल का मूल्यांकन किया जाता है। इस मूल्यांकन में सफलता हासिल करने वाले अस्पताल को राज्य स्तरीय एनक्यूएएस सर्टिफिकेशन मिलता है। इसके बाद केंद्र सरकार द्वारा अस्पताल का मूल्यांकन कर अंतिम रूप देते हुए राष्ट्रीय स्तर पर एनक्यूएएस प्रमाणपत्र जारी किया जाता है। इसके बाद ही अस्पताल को स्पेशल फंड मिलता है।

## खबरें फटाफट

### विजय सिंह के बेटे या पत्नी को टिकट दे भाजपा : कांग्रेस

**जहानाबाद।** जिला कांग्रेस कमिटि का एक प्रतिनिधिमंडल जिलाध्यक्ष गोपाल शर्मा के नेतृत्व मे कल्पा गांव जाकर शोकाकुल विजय सिंह के परिवार से मिला। विधान सभा के घेराव दौरान विजय सिंह की मौत हो गयी थी। उन्होंने विजय सिंह के परिवार से मिलकर ढ़ाढस बंधाया। उन्होने कहा कि विजय सिंह एक समाजिक थे। उनकी मौत से भाजपा ही नहीं बल्की पूरे जिले को अपूर्णीय क्षति हुई है। विजय सिंह एक नेक दिल इंसान थे। उन्होंने बताया कि पूरा कांग्रेस पार्टी हर सुख दुख में शोकाकुल परिवार के साथ खड़ी रहेगी। उन्होने मांग किया कि भाजपा विजय सिंह के परिवार को एक करोड़ सहायता के साथ ही उनकी पत्नी या बेटे को टिकट दे। प्रतिनिधिमंडल में उपाधयक्ष तार्केश्वर सिंह, धनन्जय शर्मा, कमरान हुसैन, राकेश शर्मा, अशोक प्रियदर्शी, विनय शर्मा, वीरेन्द्र शर्मा एवं अन्य लोग शामिल थे।

### आशा कार्यकताओं ने अस्पताल में दिया धरना

**जहानाबाद।** मखदुमपुर प्रखण्ड में आशा फैसिलिटेटर संघ ने 9 सूत्री मांगों को लेकर रेफरल अस्पताल मखदुमपुर के प्रांगण में धरना प्रदर्शन किया, इस दौरान आशा कार्यकताओं ने सरकार की नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। आशा कार्यकताओं ने कहा कि स्वास्थ्य संबंधी बुनियादी सेवाओं को लेकर कार्यकर्ता कर्तव्यनिष्ठ है तथा सेवा भावना से 24 घंटा इमानदारी से कार्य कर रही हैं। लेकिन मेहनत के अनुसार कार्यकताओं को उचित मानदेय नहीं दिया जा रहा है। यहां तक उन्हें हीन भावना से देखा जाता है। जबकि सच्चाई यह है कि आशा कार्यकर्ता के बलबूते ग्रामीण क्षेत्रों में जच्चा एवं बच्चा के मृत्यु दर में काफी कमी आई है। इस मौके पर आशा कार्यकर्ता एवं आशा फैसिलिटेटर ने कहा कि हम लोगों को पारितोषिक नहीं मासिक मानदेय मिलना चाहिए।

### सोमवार की शाम घर से निकला था युवक, खोजबीन हुई तो रात में मिली लाश

# युवक की गला घोंटकर हत्या के बाद पेड़ से लटकाया शव, तीन आरोपी गिरफ्तार

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के चितकुंडी चकिया गांव में सोमवार की रात बदमाशों ने एक युवक की हत्या कर शव को पेड़ से लटका दिया। उसका शव गांव से कुछ दूरी पर स्थित बागीचे में स्थित पेड़ से लटा मिला। मृतक चितकुंडी चकिया गांव निवासी मो. साहिर का 23 वर्षीय पुत्र अनवर खान उर्फ धन्नु बताया जा रहा है। वहीं, परिजनों ने बकरी बांधने के विवाद में युवक की हत्या करने का आरोप लगाया है। मामले की सूचना मिलते ही एएसपी चंद्रप्रकाश के नेतृत्व में पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन की गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम कराया। वहीं, परिजनों का बयान दर्ज करने के बाद एएसपी के नेतृत्व में नगर, मुफस्सिल और कृष्णगढ़ थाने की पुलिस आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू की। मंगलवार की शाम तक पुलिस ने तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं फरार एक आरोपित को पकड़ने के लिए छापेमारी जारी है।

अनवर की बहन रुकसाना ने बताया कि सोमवार की शाम उसका काम से घर पर आया था। उसके वो शौच करने के लिए निकल गया। उसने मां से शौच से आने की बाद खाने की बात कही थी। देर रात तक वह घर नहीं लौटा, तो वह अपनी उसकी मां के साथ उसे खोजने निकली। तब घर से करीब डेढ़ किमी दूर बागीचे में महुआ के पेड़ से उसके भाई का शव लटका मिला। उनकी चित्कार सुन ग्रामीण वहां इकट्ठे हो गए और स्थानीय थाने को सूचना दी गयी। एसपी प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि मृतक के परिजनों का आरोप है कि गांव के कुछ लड़कों ने पुराने विवाद में हत्या कर उसके शव को लटका दिया है। एएसपी के नेतृत्व में टीम गठित छापामारी की जा रही है। जल्द ही सभी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।





■ गांव के युवकों पर हत्या का आरोप, आरोपितों को पकड़ने में जुटी पुलिस

### शुक्रवार की शाम दोनों पक्षों में हुई थी मारपीट

मृतक अनवर खान उर्फ धन्नु की बहन रुकसाना ने बताया कि शुक्रवार की शाम रास्ते पर बकरी बांधने को लेकर पड़ोसी से झगड़ा हुआ था। उस दौरान दोनों पक्षों के बीच मारपीट भी हुई थी। उसमें उसके तीन भाई और पिता का सिर फट गया था। उसके बाद दूसरे पक्ष के लोगों द्वारा इलाज के लिए पैसा दिया गया था। तब मामला सुलह हो गया था। उसी मामले में सोमवार की रात पड़ोस के सुखदेव, उनके पुत्र मोनू, मनीष और थेथी द्वारा रस्सी से गला घोंट कर उसके भाई की हत्या कर दी गयी। उसके बाद शव महुआ के पेड़ से लटका दिया गया। बताया जा रहा है कि अनवर अपने तीन भाई और चार बहनों में बड़ा था। उसके परिवार में मां नजमा खातून,बहन रुकसाना, रेहाना, रूही, सहाना, भाई फिरोज खान, सरवेज खान और परवेज खान है। घटना के बाद उसके घर में रोना–धोना मच गया है। मां नजमा खातून सहित परिवार के सभी सदस्यों का रो–रोकर बुरा हाल है।

## शौच करने गये किसान की पोखरा में डूबने से मौत, गांव में छाया मातम

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के आयर थाना क्षेत्र के बरनांव उतरवारी मठिया गांव में मंगलवार की सुबह पोखरा में डूबने से एक बुजुर्ग की मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी का माहौल बन गया। मृतक बरनांव उतरवारी के मठिया गांव निवासी राजेश्वर गिरी थे।

भतीजे मिथिलेश गिरी ने बताया कि प्रतिदिन की तरह सुबह करीब चार बजे उसके चाचा घर से निकले थे। इसके बाद शौच करने के लिए गांव में ही स्थित कृष्ण मंदिर के समीप पोखरा के पास गए थे। वहां पैर फिसल कर पोखरा में गिर गए और डूबने से उनकी मौत हो गई। कुछ देर बीत जाने के बाद स्थानीय लोगों ने उनके शव को पोखरा में उतराता देखा इसकी सूचना उनके परिजनों को दी। सूचना पाकर परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। जिसके बाद स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से उनके शव को पानी से बाहर निकाला गया। सूचना मिलते ही स्थानीय थाना घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने दो भाई व चार बहन ने बड़े थे। मृतक के परिवार में पत्नी लक्ष्मीना देवी व तीन पुत्री आभा देवी, रंभा देवी रेणु देवी एवं एक पुत्र अरविंद गिरी है। हादसे के बाद गांव में मातम छा गया है।

## किसी भी आंदोलन को लाठी की बदौलत नहीं दबाया जा सकता है : सुशील कुमार मोदी

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री राज्यसभा के सांसद सुशील कुमार मोदी मंगलवार को जिले के कल्पा गांव पहुंचे। जहां उन्होंने पटना में भाजपा द्वारा आयोजित विधानसभा मार्च के दौरान लाठीचार्ज में मृतक विजय सिंह के परिवार वालों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने विजय सिंह के परिवार वालों से मुलाकात की और उन्हें ढाढस बंधया।

उन्होंने कहा कि भाजपा आपके पूरे परिवार के साथ खड़ी है। भगवान आपकी परिवार को शक्ति प्रदान करें और इस दुख की घड़ी में भाजपा बिहार प्रदेश के सभी कार्यकर्ता



आपके परिवार के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने का काम करेगा। उन्होंने कहा कि बिहार में महागठबंधन की सरकार ने जिस तरह से भाजपा कार्यकताओं पर लाठीचार्ज करने का काम किया है। जो बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। किसी भी आंदोलन को लाठी की बदौलत नहीं दबाया जा सकता है आने वाले दिन में बिहार की जनता महा गठबंधन सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करेगी बिहार में एक तरफ नीतीश कुमार कहते थे कि हम भ्रष्टाचार के खिलाफ हैं और भ्रष्टाचारियों को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं करूंगा। दूसरी तरफ बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव चार्जशीटेड है। अभी तक सीएम ने बर्खास्त नहीं किया है। इससे स्पष्ट प्रतीत होता है कि मुख्यमंत्री भ्रष्टाचारियों को संरक्षण दे रहे हैं। बिहार सरकार से मांग करते हैं कि पुलिस लाठीचार्ज में घायल विजय सिंह के परिवारों को समुचित राशि के साथ साथ उसके परिवार वालों को नौकरी प्रदान की जाए।

## एक नजर

### आरोप : नजराना लेकर अवैध लोगों को वेंडर कार्ड एवं प्रमाण पत्र दे रहा नगर परिषद

**जहानाबाद।** बिहार राज्य फुटपाथ दुकानदार सहकारी समिति की कार्यकारिणी बैठक हुई। जिसमें एनएएसवीई बिहार के कार्यपालक पदाधिकारी राकेश त्रिपाठी एवं सहकर्मी दीपक कुमार ने संयुक्त रूप से बिहार के तमाम फुटपाथ दुकानदारों के प्रतिनिधि को संबोधित करते हुए अपने अपने जिले में हो रहे नगर प्रशासन के कार्यकलापों को बारीकी पूर्वक से सुनी। वहीं गया के टीएलएफ अध्यक्ष ने गया के अंदर नगर निगम के द्वारा किए गए सार्थक कार्यों को पूरी तत्परता से साथियों के बीच रखा। उन्होंने कहा नगर परिषद टीएलएफ की बातों को हमेशा नजरअंदाज करती है। वहीं जहानाबाद फुटपाथ दुकानदार संघ के जिलाध्यक्ष अरविंद कुमार चोपड़ा ने जहानाबाद नगर परिषद के एनयूएलएल एवं सीआरपीएफ महिला कर्मी के द्वारा लगातार कार्य में लापरवाही एवं दुकानदारों के प्रतिनिधि को नजरअंदाज करने एवं नजराना लेकर अवैध लोगों को वेंडर कार्ड एवं वेंडर प्रमाण पत्र देने का आरोप लगाया। लगातार अपनी बातों को रखते हुए शेखपुरा मार्केट कमेटी के अध्यक्ष बबलू कुमार एवं दरभंगा एवं मधुबनी के अधिकारियों ने भी नगर परिषद के मनमानी का आरोप लगाया। बैठक में राकेश त्रिपाठी एवं कार्यालय के पदाधिकारी दीपक कुमार व रीता देवी के अलावा हर जिले के अधिकारी ने अपने अपने बातों को इस बैठक में रखा।



### जिले में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, बस उन्हें निखारने की जरूरत : डॉ. अरुण कुमार

**अरवल।** असम में होने वाली राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता चार से सात अगस्त तक गटका एसोसिएशन ऑफ बिहार के तत्वाधान में होगी। उस प्रतियोगिता में जिले के चयनित खिलाड़ी अनन्या कुमारी, रमता वर्मा, विशाल कुमार, गोरख कुमार एवं दिल्ली पब्लिक स्कूल की छात्रा प्राची कुमारी राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए हैं। जिस पर पूर्व सांसद डॉ. अरुण कुमार ने चयनित खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दिए हैं। पूर्व सांसद ने कहा कि जिले में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, बस उन्हें निखारने की जरूरत है आज जिला खेल के क्षेत्र में पढ़ाई का क्षेत्र के साथ हरेक क्षेत्र में देश विदेश में जिला का मान सम्मान बढ़ाने का काम बच्चों और युवकों ने किया है। डीपीएस के शारीरिक शिक्षक अविनाश कुमार ने बताया कि जिले के चयनित खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिता के लिए चयनित होने पर खुशी का माहौल है। जिस प्रकार से बच्चे मेहनत कर रहे हैं आने वाले समय में उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मौका जरूर मिलेगा।



### हादसे में जख्मी स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी की मौत

**आरा।** सड़क हादसे में जख्मी स्वास्थ्य विभाग के एक चतुर्थवर्गीय कर्मचारी की मौत हो गई। इलाज के लिए पटना ले जाने के दौरान उन्होंने रास्ते में दम तोड़ दिया। मृतक मूल रूप से जगदीशपुर वार्ड नंबर 18 निवासी स्व. उमा शंकर के 45 वर्षीय पुत्र राजीव कुमार थे। वह वर्तमान में उदवंतनगर पीएचसी में कार्यरत थे। करीब 15 वर्षों से सदर अस्पताल के पास वाली गली स्थित अपने ससुराल में पूरे परिवार के साथ रहते थे। पत्नी बेबी देवी ने बताया कि सोमवार की शाम वह अपने ड्यूटी से वापस घर लौटे थे। उसके बाद रात में बाजार के लिए निकले थे। उसी बीच पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ऑटो ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी थी। उससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया था। जहां उनकी हालत देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया था। पटना ले जाने के दौरान रास्ते में ही दम तोड़ दिया।







## खबरें फटाफट

### जमीन विवाद में मारपीट, 15 लोगों पर केस दर्ज

**डुमरांव।** कोरानसराय थाना क्षेत्र के दखिनांव गांव में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हुई, जिसमें एक पक्ष के पांच लोग जख्मी हो गये। इस मामले में दखिनांव गांव निवासी सुदामा सिंह के पुत्र परशुराम सिंह ने 15 लोगों के खिलाफ स्थानीय थाने में आवेदन देकर नामजद मामला दर्ज कराया है। पुलिस मामले को दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। पीड़ित ने पुलिस को दिये गये आवेदन में बताया है कि मेरे जमीन पर लगाये गये पिलर को पड़ोसियों द्वारा उखाड़ा जा रहा है। जब मैने इसका विरोध किया तो मेरे और मेरे भाइयों के साथ मारपीट की गयी, जिसमें पांच लोग जख्मी हो गये, जिनका इलाज अनुमंडल अस्पताल में कराया गया। इस मामले में पीड़ित ने प्रदीप कुमार, संदीप कुमार, सूर्योदय कुमार, शुभम कुमार सहित 15 लोगों के खिलाफ नामजद मामला दर्ज कराया है।

### फरार आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से परिजन सहमे

**डुमरांव।** शनिवार को डुमरांव के शक्ति द्वार रोड से जुड़े देवी मिश्र की गली मोहल्ले में जमीन विवाद में हुए महताब अंसारी हत्याकांड के चौथे दिन भी पुलिस मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। जिससे पीड़ित परिवार सहमा हुआ है। पीड़ित परिवार की मानें तो महताब तथा उसके पिता गफ्फार पर जानलेवा हमला करने वाले इमामुद्दीन व जफर के साथ ही उन्हें पकड़ने वाले सोनू अंसारी, आजाद तथा मनोज तुरहा फरार चल रहे हैं। पुलिस ने सिर्फ कमालुद्दीन को गिरफ्तार किया है। परिजनों को आशंका है कि आरोपी गिरफ्तार नहीं होंगे तो फिर से जानलेवा हमला कर सकते है। मृतक के चाचा अफताब की मानें तो आरोपी दबंग किस्म के हैं, जो कभी भी घटना की पुनरावृति कर सकते हैं।

### कन्या उत्थान योजना को गति देने पर चर्चा

**बक्सर।** आईसीडीएस के जिला प्रोग्राम पदाधिकारी की अध्यक्षता में मासिक समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिला प्रोग्राम पदाधिकारी ने सभी सीडीपीओ और महिला पर्यवेक्षिकाओं को मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना में आवश्यक प्रगति लाने का निर्देश दिया साथ ही प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में भी सभी सेविकाओं को फॉर्म कलेक्ट कराने का निर्देश दिया गया। वही पोषण अभियान अंतर्गत जिला प्रोग्राम पदाधिकारी द्वारा सभी सीडीपीओ महिला पर्यवेक्षिकाओ तथा प्रखंड समन्वयकों को पोषण ट्रैकर एप्लीकेशन में सभी गतिविधियों की शत प्रतिशत इंट्री करने का निर्देश दिया गया। जबकि 20 जुलाई को राज्य अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों कि आयोजित सामाजिक अंकेक्षण के लिए सभी सीडीपीओ को निर्देशित किया गया।

## वाहन चेकिंग अभियान के दौरान उत्पाद विभाग की टीम को मिली सफलता

# आधी रात चौसा उत्पाद चेक पोस्ट पर कट्टा के साथ दो युवक गिरफ्तार, एक फरार

- रात करीब 1.30 बजे यूपी से बाइक पर सवार हो आ रहे थे तीन युवक
- चेक पोस्ट पर पुलिस को देख चालक ने बढ़ा दी बाइक की स्पीड
- भागने के क्रम में बाइक अनियंत्रित हो बैरिकेडिंग से टकरा गई



**केटी न्यूज/चौसा**

सोमवार को आधी रात मुफस्सिल थाना क्षेत्र के यादव मोड़ स्थित चेक पोस्ट पर उत्पाद विभाग व पुलिस के सर्च अभियान के दौरान बड़ी कामयाबी मिली। जिसमें पुलिस ने दो युवकों को एक देशी पिस्टल तथा बाइक के साथ गिरफ्तार किया। जबकि उनका तीसरा साथी अंधेरे का फायदा उठा भागने में सफल रहा। दोनों से पूछताछ के आधार पर पुलिस ने तीसरे की पहचान करने का दावा किया है वहीं उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी किए जाने की बात भी बताई।

जानकारी के अनुसार सोमवार की रात करीब 1.30 बजे चौसा के यूपी चेक पोस्ट पर मद्य निषेध प्रभारी दिलीप कुमार सिंह व पुलिस के एएसआई महेन्द्र राम के द्वारा जांच अभियान चलाया जा रहा था। उसी दौरान एक बाइक पर तीन युवक यूपी की तरफ से आ रहे थे। पुलिस ने जैसे ही उन्हें रूकवाया तो चालक बाइक की स्पीड बढ़ा भागने की कोशिश करने लगा। पुलिस को उनकी गतिविधियों पर शक हुआ तथा तत्काल उनका पीछा करने लगी। इसी दौरान स्पीड अधिक होने के कारण उनकी बाइक अनियंत्रित हो बैरिकेडिंग से टकरा गई। जिसमें तीनों युवक गिर पड़े। गिरने पर एक युवक के कमर से देशी तमंचा भी बीच सड़क पर गिर पड़ा। जिससे पुलिस का शक यकीन में बदल गया। भाग रहे तीनों युवकों को पुलिस के जवानों ने पीछा किया। इस दौरान करीब एक किलोमीटर आगे जाकर चौसा रेलवे क्रासिंग के पास पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया। जबकि तीसरा अंधेरे का फायदा उठा भागने में सफल रहा।

### आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने भेजा जेल

गिरफ्तार युवकों की पहचान सिकरौल थाना क्षेत्र के भदार गांव निवासी शिवनारायण यादव के 18 वर्षीय पुत्र रूपेश यादव तथा भरियार ओपी थाना क्षेत्र के चक्की भोला डेरा के सुभाष यादव के 19 वर्षीय पुत्र पवन कुमार के रूप में हो गई है। पुलिस ने उनकी सुपर स्प्लेंडर बाइक जिसका नंबर यूपी 61 वाई 0302 के साथ ही एक देशी पिस्टल बरामद की है। उनके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

## भगवान वामन को केंद्रीय कारा से मुक्त कराने की कवायद शुरू

**केटी न्यूज/बक्सर**

बक्सर के केन्द्रीय कारा परिसर से भगवान वामन को मुक्त कराने कवायद शुरू हो गई है। मंगलवार को कारा निरीक्षण कमेटी सह बिहार विधानसभा परिषद जांच टीम के सदस्य राजेंद्र प्रसाद गुप्ता एवं अनिल शर्मा को भगवान वामन मुक्ति अभियान समिति के सदस्यों ने भगवान वामन को जेल से मुक्त कराने के लिए समिति का मांग पत्र सौंपा। समिति द्वारा अपने मांग पत्र में जेल को कही अन्यत्र स्थानांतरित करने की मांग की है। जिससे भगवान वामन स्वतंत्र हो सके तथा श्रद्धालु उनका दर्शन व पूजन निर्बाध रूप से कर सके।

वहीं समिति द्वारा अपने मांग पत्र में जेल के पूर्वी भाग में स्थित भगवान वामन के भूभाग को ही तत्कालीक रूप से जेल से अलग करने की मांग भी की है। जिससे लोग अपनी आवश्यकतानुसार भगवान वामन का दर्शन पूजन कर सके। भगवान वामन मुक्ति अभियान समिति के सदस्यों ने कारा निरीक्षण कमेटी के लोगों से पत्र के माध्यम से कहा कि जेल प्रशासन के इच्छानुसार ही भगवान वामन का दर्शन होता है। जिससे श्रद्धालुओं को परेशानी हो रही है। इसको ध्यान में रखते हुए उन्हें मुक्त करने की पहल की जाए। इनके भूभाग को फिलहाल जेल परिसर से मुक्त कर दिया जाए। मौके पर संगठन के महासचिव सौरभ चौबे, सचिव राघव पांडेय, सदस्य राजेश कुमार सदस्य, मीडिया प्रभारी पंकज उपाध्याय, भाजपा नेता प्रदीप दुबे व अन्य शामिल रहे।

## टेक्सटाइल कॉलोनी में जमा है बारिश का पानी आवागमन की समस्या से जूझ रहे मुहल्लेवासी

**केटी न्यूज/डुमरांव**



नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड 18 स्थित टेक्सटाइल कॉलोनी का इलाका तीन हिस्सों में जलजमाव से भरा है। इस कॉलोनी की सड़को पर बरसात का पानी जमा है। पानी का निकास नहीं होने से इस कॉलोनी के करीब 1200 की आबादी को मुश्किलें उठानी पड़ रही हैं। इस मोहल्ले के लोग लंबी दूरी तय कर दूसरे रास्ते से गुजर अपने घरों तक पहुंचते हैं। मोहल्ले के संटू, नंदनी कुमारी, डॉ एसके सैनी, विनोद कुमार की माने तो इस कॉलोनी में सड़क निर्माण के बाद भी पानी के बहाव को लेकर नाली का निर्माण नहीं कराया गया, जिस वजह से बरसात होने पर जलजमाव की स्थिति बन जाती है। स्थिति इस कदर बदतर है कि बरसात के दिनों में कई लोग अपने घरों में बंद रहते हैं या किसी अन्य के घरों में ठिकाना बनाते है। सबसे ज्यादा परेशानी छात्र-छात्राओं को होती है, जो यूनिफॉर्म पहन कर बाहर निकलने से भी कतराते हैं। कॉलोनी के लोगो का कहना है कि नप प्रशासन इस समस्या से निजात दिलाने के लिए हर बार अस्थायी कार्य कराता है। कॉलोनीवासी का कहना है नप प्रशासन को ड्रेनेज सिस्टम लागू कर इस समस्या से स्थायी निदान दिलाने की पहल करे तो राहत मिल सकती है।

## एक नजर

### पीएचसी में आयोजित हुई एएनएम की बैठक

**डुमरांव।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्थित सभाकक्ष में मंगलवार को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ आरबी प्रसाद की अध्यक्षता में एएनएम की बैठक आयोजित की गई। इसमें सघन दस्त नियंता पखवाड़ा, आईएमआई टीकाकरण, परिवार नियोजन, एनसीडी, ई संजीवनी ओपीडी, ई औषधि संजीवनी, एमडीआर-सीडीआर, कुपोषित बच्चों की पहचान सहित अन्य बिंदुओं पर रिपोर्टिंग के साथ चर्चा हुई। बैठक में स्वास्थ्य प्रबंधक अफरोज आलम, प्रखंड समुदायिक उत्प्रेरक अक्षय कुमार, प्रखंड अनुश्रवण एवं मूल्यांकन सहायक उमेश कुमार सहित प्रखंड क्षेत्र एएनएम व स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।

### रोटरी जगदीश आई हास्पिटल में शिविर लगा छात्राओं की आखों की हुई जांच



**डुमरांव।** रोटरी जगदीश आई हॉस्पिटल में छात्राओं की आंखों में रोशनी बरकरार रहे और कोई बीमारी नहीं हो, उसके लिए मंगलवार को निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन रोटरी क्लब के डीजे एसपी बगड़िया ने किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि इस हॉस्पिटल को बक्सर से अंधेरा दूर करने के लिए निर्धारित किया गया है। हॉस्पिटल को जो भी सामान की आवश्यकता होगी रोटरी मुहैया कराएगी। साथ में हॉस्पिटल में जो भी असुविधाएं हैं, उसे दूर किया जाएगा। हॉस्पिटल के एमडी प्रदीप जायसवाल ने डीजी को भरोसा दिलाया कि यह हॉस्पिटल अपनी जिम्मेदारी को पूर्ण रूप से निभा रहा है और आगे भी निभाएगा। मौके पर बक्सर रोटरी अध्यक्ष राजेश केसरी, मोहन गुप्ता, सत्येंद्र सिंह, दीपक अग्रवाल, दीपक चौरसिया, मनीष कुमार ने भी अपनी बातें रखीं। इस दौरान कई अन्य उपस्थित थे।

### केविके में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न किसानों को दी गई कृषि यंत्रो की जानकरी



**बक्सर।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के 95 वें स्थापना दिवस के अवसर पर षि विज्ञान केंद्र बक्सर में किसानों के तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन मंगलवार को किया गया। अंतिम दिन प्रौद्योगिकी दिवस कार्यक्रम सह कृषि प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस मौके पर कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉक्टर देवकरण, मंधाता सिंह एवं रामकेवल ने किसानों को नई कृषि तकनीक एवं उन्नत बीज के बारे में जानकारी दी। शोधकर्ता अरविंद एवं बुद्ध प्रिय मौर्य ने भी किसानों को कृषि प्रौद्योगिकी के जरिए विकसित तकनीकों जैसे ड्रम सीडर, रिपर, डीएसआर इत्यादि के बारे में बताया एवं इसका उपयोग कर अपनी आमदनी में वृद्धि करने का तरीका भी बताया। यंत्रों का उपयोग कर कम लागत में अच्छी पैदावार भी कर सकते हैं। मौके पर विभिन्न गांवों से आए हुए किसान समेत अन्य महिलाएं भी उपस्थित रही। प्रशिक्षण के दौरान जलवायु माहौल में खेती को विभिन्न तकनीक अपनाकर कैसे फायदेमंद बना सकते हैं इस बारे में जानकारी दी गई। परियोजना के अंतर्गत चलाए जा रहे अभियान से भी किसानों को अवगत कराया गया। जल प्रबंधन एवं मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन हम जलवायु परिवर्तन से होने वाले नुकसान को कैसे कम कर सकते हैं इसकी जानकारी किसानों को दी गई। मौके पर किसान समेत कृषि विज्ञान केंद्र के रवि चटर्जी, राकेश, मनीष, सरफराज अहमद, राजेश कुमार समेत अन्य मौजूद रहे।







## जननायक कर्पूरी ठाकुर लॉ कॉलेज में शिक्षकों को मिली एमडीए कार्यक्रम की जानकारी

# गांव-गांव जाकर लोगों को जागरूक करेंगे स्वयंसेवक

**केटी न्यूज/बक्सर**

जिले में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 10 अगस्त से सर्वजन दवा सेवन (एमडीए) अभियान शुरू हो रहा है। कार्यक्रम का सफल बनाने और लोगों को दवाओं का सेवन करने के लिए व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग व सहयोगी संस्थान भी इस अभियान के जरिए लोगों को जागरूक करने में जुटे हुए हैं।



एमडीए को लेकर प्रोजेक्ट कंसर्न इंटरनेशनल (पीसीआई) की टीम भी इस जागरूकता अभियान में शामिल है। पीसीआई के जिला मोबिलाइजेशन समन्वयक द्वारा विभिन्न संगठनों, संस्थानों के साथ स्कूल और कॉलेजों में जाकर लोगों को जागरूक करने और अभियान में सहयोग करने की अपील की जा रही है। नगर परिषद, स्कूलों व अन्य संस्थानों ने सहयोग देने का आश्वासन दिया है। इस क्रम में मंगलवार को जिला मुख्यालय स्थित जननायक कपूर्री ठाकुर लॉ कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के स्वयं सेवक भी लोगों को जागरूक करने में सहयोग करने का फैसला लिया है। कॉलेज में आयोजित भाषण प्रतियोगिता के दौरान वहां मौजूद प्रोफेसर और शिक्षकों को फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम और एमडीए अभियान की जानकारी दी गई। इस दौरान प्राचार्य कृष्ण अली अल्बर्ट ने कहा कि एनएसएस के स्वयं सेवक गांव और टोलों में जाकर लोगों को एमडीए को लेकर जागरूक करेंगे।

**एनएसएस के स्वयं सेवक का किया जाएगा उन्मुखीकरण :** पीसीआई के जिला मोबिलाइजेशन समन्वयक मोहम्मद शादाब आलम ने बताया, जिले में एमडीए अभियान शुरू किए जाने से पूर्व नाइट ब्लड सर्वे किया गया है। जिसकी रिपोर्ट के आधार पर यह तय किया जाएगा कि किन-किन प्रखंडों में एमडीए अभियान चलाया जाएगा। उसी अनुसार संबंधित प्रखंडों में लोगों को एमडीए के दौरान अनिवार्य रूप से दवाओं का सेवन करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इस अभियान के लिए एनएसएस के स्वयंसेवकों का एमडीए को लेकर उन्मुखीकरण किया जाएगा। जिसके बाद स्वयं सेवकों द्वारा लोगों को एमडीए अभियान और इसके फायदों के संबंध में जानकारी देते हुए जागरूक किया जाएगा।

## जिलाधिकारी ने जिला स्तरीय उद्योग समिति के सदस्यों के साथ की बैठक

# लक्ष्य के अनुरूप प्रगति नहीं होने पर डीएम ने जताई नाराजगी, अधिकारियों को दी चेतावनी

**केटी न्यूज/बलिया**



जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने कहा कि उद्यमियों की समस्याओं को पूरी गंभीरता से सुन समाधान सुनिश्चित कराया जाए। बिजली, सड़क व बैंक से सम्बन्धित अधिकारी विशेष रूप से इस बात का ख्याल रखें। जिला स्तरीय उद्योग बन्धु व व्यापार बन्धु की सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में हुई बैठक में उन्होंने कहा कि उद्योग के क्षेत्र में संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की।

मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना में लक्ष्य के सापेक्ष खराब प्रगति पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताते हुए सुधार के लिए एक महीने का अल्टीमेटम दिया। समीक्षा के दौरान खादी ग्रामोद्योग विभाग की मुख्यमंत्री रोजगार योजना व प्रधानमंत्री सृजन कार्यक्रम की भी प्रगति बेहद खराब मिली। इस पर खादी ग्रामोद्योग अधिकारी को कड़ी फटकार लगाते हुए सुधार लाने की चेतावनी दी। मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने साफ कहा कि निःशुल्क चाक पात्र व्यक्तियों को ही दिया जाए। वास्तविक उपयोग करने वालों को मिलेगा तो यह सरकारी दायित्व के साथ पुनीत का भी कार्य होगा। औद्योगिक आस्थानों में बिजली की समस्या आने पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता को निर्देश दिया कि औद्योगिक क्षेत्रों में ऐसी समस्या न आए, इसका ध्यान रखें। जिला उद्योग प्रोत्साहन योजना के तहत ऋण योजना में 84 के मुकाबले 53 लाभार्थियों को ही वितरण होने की जानकारी मिलने पर कहा कि शेष लाभार्थी को भी शीघ्र ऋण वितरित कर दें। आर.सेटी की ओर से पिछले डेढ़ वर्ष से प्रशिक्षण नहीं होने की जानकारी मिलने पर नाराजगी जताई।

**ऋण से आगे बढ़ने वालों को लाएं आगे :** जिलाधिकारी ने कहा कि उद्योग विभाग या खादी ग्रामोद्योग के माध्यम से सरकार की ओर से मिले ऋण से अगर किसी व्यक्ति ने छोटी शुरूआत की हो, और आज अच्छी आर्थिक उन्नति किये हों, ऐसे उद्यमियों को आगे लाएं। इससे लोगों को प्रोत्साहन मिलेगा। उद्योग बन्धु की बैठक के दौरान ही ऐसे कई उद्यमी मिल गये। उद्योग केंद्र के महाप्रबन्धक को ऐसे उद्यमियों को सूचीबद्ध करते हुए विवरण उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक में सीडीओ प्रवीण वर्मा, सीएमओ डॉ जयन्त कुमार, एसडीएम सदर अखिलेश यादव के अलावा दर्जनों उद्यमी व व्यापारी मौजूद थे।

**रिटायर कर्मचारी के कार्यालय में काम करने पर चेताया :** उद्योग बन्धु की बैठक में उद्यमियों ने उद्योग विभाग के रिटायर कर्मचारी दयाराम की शिकायत की। कहा कि रिटायर होने के बाद भी कार्यालय में प्रतिदिन रहते हैं और उद्यमियों की समस्याओं के समाधान में बाधक बनते हैं। फाईलों को भी देखते हैं। इस पर जिलाधिकारी ने महाप्रबन्धक से सवाल किया। साफ तौर पर चेताया कि अगर अब उस रिटायर कर्मचारी के कार्यालय में उपस्थित रहकर काम करने की बात संज्ञान में आयी तो इसके गंभीर परिणाम भुगतने होंगे।

### जिलाधिकारी ने सहायक अभियंता को फटकारा

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में भूगर्भ जल प्रबंधन परिषद की बैठक आयोजित की गई। इसके अंतर्गत यह संकल्प निभाना है, हर एक बूंद बचाना है स्लोगन के साथ भूजल सप्ताह 16 से 22 जुलाई तक मनाया जाता है। यह कार्य लघु सिंचाई विभाग के द्वारा होता है। इसमें बताया गया कि गांव में जन चौपाल लगाकर जन जागरूकता के लिए गोष्ठी आयोजित की जाती है। इसके द्वारा लोगों को नए तालाबों के निर्माण, पुराने तालाबों का जीर्णोद्धार, गली /नाला प्लगिंग, रिचार्ज कूप और पठारी क्षेत्रों के लिए जलाशयों या तालाबों का जीर्णोद्धार, परकोलेशन टैंक, चेक डेम्स, एवं गेबियन स्ट्रक्चर्स आदि उपायों के द्वारा बर्षा जल संचयन किया जा सकता है। उन्होंने सहायक अभियंता मनोज कुमार पांडेय को रेन वाटर हार्वेस्टिंग के लिए कोई फ्रूटफुल काम ना होने की वजह से फटकार लगाई और कहा कि इसके लिए जनपद में कोई ठोस कार्ययोजना नहीं है जिसके चलते यह कार्य नहीं हो पाया है।

## 25 हजार का इनामी गो तस्कर मुठभेड़ में जख्मी, दो गिरफ्तार

**गाजीपुर।** पुलिस के लिए सिरदर्द बने पच्चीस हजार के इनामी गो-तस्कर और पुलिस के बीच मुठभेड़ हो गई। जिसमें इनामी तस्कर जख्मी हो गया। मौके से उसका एक अन्य साथी भी गिरफ्तार कर लिया गया। एसपी के निर्देश पर उक्त कार्रवाई करीमुद्दीनपुर थाने की पुलिस द्वारा की गई है। बता दें कि सोमवार की देर रात करीमुद्दीनपुर थाने के गांधीनगर के पास थानाध्यक्ष एवं पुलिस द्वारा चेकिंग की जा रही थी। तभी एक बोलेरो सवार दो बदमाश पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से फायर करते हुए भागने का प्रयास किए। जिन्हें घेराबंदी कर आत्मरक्षार्थ पुलिस द्वारा किए गए जवाबी फायरिंग में एक बदमाश को पकड़ लिया गया। जबकि दूसरा घायल हो गया। उसे भी मौके से गिरफ्तार कर लिया गया है। घायल बदमाश को प्राथमिक उपचार के लिए स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। गोली लगने से घायल अभियुक्तों में पप्पू उर्फ अली अहमद पुत्र इकबाल नट निवासी ग्राम रसूलपुर व्यवहारा थाना मुबारकपुर आजमगढ़ और छोटू नट पुत्र जुम्मन नट निवासी ग्राम गौरी थाना गंभीरपुर आजमगढ़ इन बदमाशों के आपराधिक इतिहास की जानकारी ली जा रही है। छानबीन के बाद कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### समय से भुगतान न होने पर ग्राम प्रधान ने किया आत्मदाह का प्रयास, प्रशासन की नींद उड़ी

**गाजीपुर।** सरकार की प्राथमिकता वाले कार्यों की धीमी गति एवं समय से भुगतान न होने के कारण विकास खंड मनिहारी में ग्राम प्रधान ने आत्मदाह का प्रयास किया। इस बीच वहां मौजूद जिला व पुलिस प्रशासन ने मोर्चा संभाल लिया। बता दें कि विकास खंड मनिहारी के प्रांगण में ग्रामसभा के प्रधान संगठन एकजुट हो ब्लॉक परिसर में मंगलवार को धरने पर बैठ गए। इस मौके पर प्रधान संगठन का कहना था कि हम लोगों का एक साल से भुगतान नहीं हो रहा है। हम लोग ग्राम सभा में विकास कार्य करा चुके है। सरकार की मंशा के अनुरूप कार्य काफी धीमा है। हम चाह के भी कुछ नहीं कर पा रहे हैं और जो कार्य कराया भी जा रहा है उसका भुगतान समय से नहीं हो पा रहा है। उनका कहना है कि यह बहुत निंदनीय विषय है कि ब्लॉक के खंड विकास अधिकारी की तैनाती के बाद जबतक पूरे ग्राम प्रधानों को जानकारी होती, तबतक ट्रांसफर हो जाता है। इस दौरान जो भी आता है। उससे हम लोग बात करते हैं, तो इधर-उधर बात करके टाल दिया जाता है। आखिर गांव का विकास कैसे हो, सरकार की मानसिकता के अनुसार कार्य और भुगतान के लिए प्रदर्शन यह कबतक चलेगा। ऐसे कार्य से कहीं न कहीं जनप्रतिनिधि लाचार हैं। आलम यह है कि खंड विकास अधिकारी अनुराग राय से सैकड़ों बार संपर्क करने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन कोई जवाब नहीं मिल रहा है।



### डीएम ने राजकीय पुस्तकालय का किया निरीक्षण

**बलिया।** जिलाधिकारी ने मंगलवार को जिला राजकीय पुस्तकालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कम्प्यूटर कक्ष, वाचनालय एवं लाइब्रेरी हाल में हो रहे साफ सफाई और रंगाई पुताई के कार्य के बारे में विस्तृत जानकारी ली। और फर्श पर विछने वाली चटाई एवं दीवारों की पुताई हो रहे रंगों का चयन उन्होंने खुद किया है। साथ ही परिसर हाल में लगे आरो प्लांट के नीचे गिर रहे पानी का भी व्यवस्था कराने और वहां पर हमेशा साफ-सफाई रखने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किताबों को सेक्शन वाइज रखें, ताकि विद्यार्थियों को किताबों को खोजने में असुविधा ना हो। साथ ही उन्होंने लाइब्रेरी को मिलने वाले बजट के बारे में जानकारी ली तो बताया गया कि छः महीने में 30 से 40 हजार रूपए बजट प्राप्त होता है। तो उन्होने कहा कि इस बजट का कुछ हिस्सा स्थानीय किताबे खरीदने में भी खर्च किया जाय। उन्होंने लाइब्रेरी में बिजली व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए इनवर्टर की व्यवस्था करने का निर्देश दिए उन्होंने लाइब्रेरी परिसर में लगे पौधों को क्यारी के माध्यम से लगाने के निर्देश दिए। निरीक्षण में डीडीओ राजित राम मिश्र एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।



### दुकानों से लिए गए दर्जनों नमूने, जांच को भेजा

**गाजीपुर।** सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन रमेश चंद्र पांडेय ने बताया कि आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उत्तर प्रदेश एवं जिलाधिकारी के आदेश पर आरसी पांडेय सहायक आयुक्त (खाद्य)-द्वितीय के निर्देशन में विशेष अभियान चलाकर कुल चार नमूना संग्रह किया गया, जो निम्नवत है। जिसमें गाय के दूध का नमूना बिंदवलिया गाजीपुर घाट, गाजीपुर, पनीर का नमूना जगदीश डेयरी से नवापुरा मोड़, युसूफपुर में छेना की मिठाई का नमूना, युसुफपुर- मुहम्मदाबाद में बेसन का नमूना फर्म-दूधनाथ प्रमोद कुमार युसुफपुर बाजार से लिया गया।

## चोरी की मोटर साइकिल के साथ पकड़े गए दो आरोपी

**केटी न्यूज/बलिया**

शहर कोतवाली पुलिस ने मंगलवार को चोरी की दो मोटर साइकिल के साथ दो अभियुक्तों को गायत्री मंदिर पुलिया के पास से गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्तों का नाम अनीश कुमार पाण्डेय पुत्र श्री भृगुनाथ पाण्डेय निवासी गांगकिशोर थाना सिकन्दरपुर व निलेश कुमार यादव पुत्र वीरेन्द्र यादव निवासी परसिया खुर्द थाना गड़वार है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को संबंधित धाराओं में न्यायालय चालान कर दिया।

पकड़े गये दोनों अभियुक्तो ने बताया कि दोनों बरामद मोटर साइकिल को हम दोनों ने मिलकर चोरी किया था तथा हम लोगों ने जनपद के कई स्थानों से वाहन चोरी की घटना को अंजाम दिया है। मोटर साइकिल पर फर्जी नम्बर प्लेट लगाकर उनका चेचिस नंबर बदलकर जाली फर्जी कागजात तैयार कर उसे आस पास के जनपदो व बिहार प्रान्त में बेच देते हैं। शहर कोतवाल राजीव सिंह ने बताया कि मंगलवार को मुखबिर से सूचना मिली कि दो संदिग्ध गायत्री मंदिर पुलिया के पास खड़ा है, तभी मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को हिरासत में लिया, दोनों मोटर साइकिल भी बरामद किया।

## नहर में उतराया मिला वृद्ध का शव

**बलिया।** गड़वार थाना क्षेत्र के बलेसरा गांव स्थित नहर में मंगलवार की दोपहर एक वृद्ध का शव उतराया हुआ मिला। आसपास के लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम जिला अस्पताल भेज दिया। शव की शिनाख्त रामाधार यादव उम्र 75 वर्ष के रूप में हुई। जानकारी के अनुसार मंगलवार की दोपहर गांव के कुछ लोग बलेसरा गांव से किसी काम से बाजार की ओर आ रहे थे। इसबीच नहर में जब नजर पड़ी तो शव उतराया हुआ दिखा, देखते ही देखते मौके पर सैकड़ों की भीड़ इकट्ठा हो गई। भीड़ में से किसी ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया और शव की शिनाख्त में जुट गई।

## एएसआई बनकर आकांक्षा ने पूरी की बेटे के कमी, आंखों से छलके खुशी के आंसू

**केटी न्यूज/बलिया**



कौन कहता है कि आसमां में सुराख नहीं होता, तबियत से एक पत्थर तो उछालो यारो, किसी शायर की यह पंक्ति अमृत पाली निवासी आकांक्षा चौरसिया पर सटिक चरितार्थ हो रही है। आकांक्षा का चयन यूपी पुलिस में एएसआई के पद पर हुआ है। आकांक्षा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता- पिता को दिया है। आकांक्षा की सफलता से पूरे गांव में खुशी की लहर है।

शहर कोतवाली क्षेत्र के अमृतपाली निवासी रामकिशुन चौरसिया की इकलौती पुत्री आकांक्षा चौरसिया ने एएसआई के पद पर चयनित होकर गांव एवं जनपद का नाम रोशन किया है। केशव टाइम्स के पत्रकार से बातचीत करने के दौरान रामकिशुन काफी भावुक हो गए। कहा कि भगवान ऐसी बेटी सभी को दें, मेरा बेटा नहीं है, लेकिन इस बेटी ने उस कमी को खलने नहीं दिया। आकांक्षा ने बलिया से ही अपनी पढ़ाई पूरी की है।

**छलका दर्द, काश मेरा भी भाई होता :** बता दें कि आकांक्षा की मां मनोरमा देवी सिलाई का काम करती हैं और उनके पिता सेल्समैन का काम करते हैं। आकांक्षा ने अपनी तैयारी गांव पर रहकर शहर के द्वारिकापुरी कॉलोनी स्थित जीनीयस कोचिंग से की थी, आकांक्षा ने बताया कि मैं कभी-कभी एकांत में बैठकर रोती थी कि शायद मेरा भी भाई होता तो मेरे पिता को इतना कष्ट नहीं होता। केशव टाइम्स से बातचीत करने के दौरान रामकिशुन काफी भावुक हो गए। कहा कि भगवान ऐसी बेटी सभी को दें।

## बाइक चोरी के दो अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार, तमंचा बरामद

**केटी न्यूज/बलिया**





जनपद में बांसडीह कोतवाली पुलिस सोमवार को बाइक चोरी के दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया हैं। पुलिस ने दोनों अभियुक्तों के पास से एक बाइक के साथ एक तमंचा भी बरामद की है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय चालान कर दिया।

जानकारी के अनुसार पुलिस सोमवार को बांसडीह क्षेत्र में बड़सरी अवनीनाथ मंदिर के पास गश्त पर थी। इसी बीच दो युवक एक बाइक से आते हुए दिखायी दिये। पुलिस ने दोनों को जब रूकने का इशारा किया तो दोनों बाइक घुमाकर भागने लगे। पुलिस ने किसी तरह बाइक का पीछा कर दोनों को धर दबोचा। पूछताछ में एक ने अपना नाम कृष्णा नट निवासी पुरापार थाना सुखपुरा बताया। उसके पास से एक तमंचा 315 बोर व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। जबकि बाइक चला रहे युवक की पहचान नितेश नट निवासी पुरापार के रूप में हुई। इसके बाद पुलिस ने उनके पास से बरामद स्प्लेंडर बाइक की पहचान करने का प्रयास किया तो बाइक का नंबर फर्जी निकला। पुलिस ने बाइक की चेचिस का नंबर चेक किया तो वाहन स्वामी का नाम इंद्रजीत सिंह ग्राम पोस्ट रतसर दिखाई दिया। इसके बाद वाहन स्वामी से वार्ता करने पर मालूम हुआ कि वर्ष 2021 मई में उनकी बाइक सुखपुरा क्षेत्र में एक बारात में चोरी हो गयी थी। जिसका मुकदमा सुखपुरा थाने पर पंजीकृत है। पूछताछ में बताया कि उसके द्वारा उक्त बाइक सुखपुरा में एक बारात से चुराई गयी थी। साथ ही उसने बताया कि वह बाइक चोरी कर उन्हें इधर उधर बेचने का काम करता है। पकड़े गये युवकों को पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर न्यायालय चालान कर दिया।

## आयोग से चयनित एएनएम को सीएम ने दिया नियुक्ति पत्र

**गाजीपुर।** निष्पक्ष एवं पारदर्शी चयन प्रक्रिया के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश अधीनस्थ चयन सेवा आयोग द्वारा चयनित एएनएम को नियुक्ति पत्र वितरण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लोक भवन लखनऊ से किया गया। जिसका लाइव प्रसारण मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभागार में अध्यक्ष भाजपा भानु प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष भाजपा अखिलेश सिंह की उपस्थिति में लाइव प्रसारण दिखाया गया। इस अवसर पर प्रदेश में 1573 एवं जनपद के 20 एएनएम कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र दिया गया। नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम के अवसर पर मुख्य अतिथि ने उत्तर प्रदेश अधीनस्थ चयन सेवा आयोग द्वारा चयनित 20 एएनएम कार्यकत्रियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया है। इसके साथ ही समस्त जनपदों में जनप्रतिनिधियों द्वारा नियुक्ति पत्र दिया जा रहा है।




### ग्राम प्रधान की अनोखी पहल, प्राइमरी के टॉपर छात्रों को कराएंगे हवाई यात्रा

## दिल्ली के ऐतिहासिक धरोहरों से रूबरू होंगे बरहपुर के छात्र

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



जनपद के देवकली विकास खंड अंतर्गत बरहपुर ग्राम पंचायत के प्रधान द्वारा प्राथमिक विद्यालय में सर्वाधिक नंबर से टॉप करने वाले छात्र- छात्राओं को हवाई यात्रा कराने का निर्णय लिया है। इससे पहले इन छात्र-छात्राओं को एमएलसी विशाल सिंह चंचल और बेसिक शिक्षाधिकारी हेमंत राव के द्वारा सम्मानित भी किया जा चुका है। अब ग्राम प्रधान के इस निर्णय से क्षेत्र में हर्ष व्याप्त है। ग्राम प्रधान का द्वारा छात्र-छात्राओं को न केवल वाराणसी से दिल्ली की हवाई यात्रा कराई जाएगी, बल्कि दिल्ली के ऐतिहासिक धरोहरों से भी रू-ब-रू कराया जाएगा।

उच्च प्राथमिक विद्यालय बरहपुर की तीन टॉपर छात्र-छात्राओं को ग्राम प्रधान विजय सिंह सब्लु द्वारा 25 जुलाई को इंडिगो एयरलाइंस द्वारा वाराणसी से दिल्ली तक का सफर कराने का निर्णय लिया गया है और फिर वापसी 28 जुलाई को होगी। इसकी जानकारी देते हुए ग्राम प्रधान प्रतिनिधि प्रतीक सिंह ने बताया कि ग्राम पंचायत के विकास के क्रम में एक कदम आगे निकलते हुए यह पहल किया गया है। ताकि देश के भविष्य और ग्राम पंचायत का नाम रोशन करने वाले प्राथमिक विद्यालय के छात्र - छात्राओं में गार्गी दुबे, वर्षा राजभर और श्रेया मौर्य को वाराणसी से दिल्ली का हवाई यात्रा कराकर जनपद के सभी छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहन दिया जाएगा।

इतना ही नहीं दिल्ली में इतिहास के पन्ने में दर्ज. धरोहरों से छात्रों को अवगत कराया जाएगा। राष्ट्रपति भवन, लाल किला, संसद भवन ,कुतुब मीनार के साथ ही तमाम प्राचीन धरोहरों को दिखाने का यह एक छोटा सा प्रयास है। इस कार्य से अन्य बच्चों में भी शिक्षा के प्रति जागरूकता आएगी। इस कार्य को करने के बाद गरीब परिवार के बच्चों को कॉपी किताब और उनके आने जाने वाले रास्ते की साफ- सफाई, विद्यालय परिसर की रंगाई -पुताई और साफ- सफाई पर ध्यान देकर उनके भविष्य को और चमकाने का प्रयास होगा।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सदर तहसील के शहरोज में राहत चौपाल का आयोजन

# बाढ़ वाले संवेदनशील क्षेत्रों में खेतों के चारों ओर लगे बिजली के तारों को हटाएं: डीएम

**केटी न्यूज/मऊ**



जिलाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में तहसील सदर के ग्राम शहरोज में राहत चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल के दौरान जिलाधिकारी ने ग्राम वासियों को क्षेत्रीय लेखपाल, कानूनगो एवं अन्य ग्राम स्तरीय अधिकारियों से परिचय कराते हुए आपदा की स्थिति में प्राथमिक रूप से इनसे संपर्क करने को कहा। साथ ही जिला स्तरीय आपदा कंट्रोल रूम, एनडीआरएफ कंट्रोल रूम एवं राहत आयुक्त कार्यालय के टोल फ्री नंबर 1070 से भी उपस्थित ग्रामीणों को अवगत कराया। इस दौरान संबंधित राजस्व निरीक्षक ने सर्वप्रथम सर्पदंश, वज्रपात, डूबना तथा अतिवृष्टि, बाढ़ तथा अन्य घटित आपदाओं के संबंध में ग्राम वासियों को अवगत कराते हुए शासन द्वारा संचालित योजनाओं में मिलने वाले आपदा राहत के विषय में भी विस्तृत जानकारी दी। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता सिंचाई को ग्राम शहरोज से लगे हुए पारा शहरोज बंधे पर कटान निरोधक कार्य की जानकारी लेते हुए पर्याप्त मात्रा में मिट्टी, जियो बैग, ईसी बैग, नायलान क्रेट, वायर क्रेट इत्यादि का पर्याप्त मात्रा में भंडारण करने के निर्देश दिए।

विद्युत विभाग द्वारा की जा रही तैयारियों की जानकारी लेते हुए जिलाधिकारी ने सहायक अभियंता विद्युत को किए जाने वाले कार्यों हेतु टीम का गठन कर लेने को कहा। इसके अलावा बाढ़ संवेदनशील क्षेत्र से व्यक्तियों, पशुओं की सुरक्षा हेतु खेत के चारों ओर लगे बिजली के तारों को भी हटाने के निर्देश दिए।

उन्होंने खंड विकास अधिकारी को क्षेत्र में स्थापित सभी हैंडपंपों को ठीक रखने के निर्देश दिए, जिससे बाढ़ के दौरान पीने योग्य पानी की समस्या ना उत्पन्न हो। इसके अलावा गांव के प्रमुख नाले एवं नालियों की नियमित सफाई करने के भी निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिए गए। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को सभी पशुओं की ईयर टैगिंग एवं टीकाकरण सुनिश्चित करने के साथ ही पशु कैंप स्थल चिन्हित करते हुए आपदा की स्थिति में पशुओं के लिए पर्याप्त मात्रा में चारा व भूसा आदि का भी प्रबंध करने के निर्देश दिए।

**गर्भवती महिलाओं और गंभीर रोगों से ग्रसित लोगों को सूचिबद्ध करें :** जिलाधिकारी ने प्रभारी बाल विकास परियोजना अधिकारी को आशा, आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं एएनएम द्वारा गर्भवती, धात्री तथा शून्य से 5 वर्ष के शिशु, लंबी बीमारी से ग्रसित व्यक्ति, दिव्यांग, वृद्ध तथा कमजोर वर्ग के ऐसे व्यक्ति जो स्वयं अपनी मदद नहीं कर सकते उन्हें चिन्हित कर सूचीबद्ध करने के निर्देश दिए। शासन के निदेर्शानुसार बाढ़ से संबंधित कार्य में लगे जनपद स्तर के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों, आपदा मित्रों, नागरिक सुरक्षा, गोताखोरों, नवीकों व अन्य वॉलिंटियर्स के मोबाइल नंबर तथा पते की डायरेक्टरी अभी तक तैयार ना करने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी सदर को इसे तत्काल तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रत्येक बाढ़ प्रभावित/ संवेदनशील ग्राम के न्यूनतम 30 लोगों के नाम व मोबाइल नंबर का संग्रह कर एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाने के भी निर्देश दिए। जिसमें नजदीकी शरणालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इत्यादि की भी जानकारी साझा की जाए।

## दायित्वों का निर्वहन न करने पर दो लेखापाल निलंबित

मऊ। उन्होंने उप जिलाधिकारी को बांध के आसपास के ग्राम वासियों को आपदा से बचने से सतर्क रहने हेतु नियमित संवाद करने, बाढ़ की स्थिति से उन्हें अवगत कराने, तथा बाढ़ चौकियों का औचक निरीक्षण करने के भी निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने लाइफ जैकेट एवं बाढ़ के समय उपयोग हेतु अन्य उपकरणों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। चौपाल के दौरान ही जिलाधिकारी ने स्थानीय लोगों से बाढ़ के दौरान उत्पन्न होने वाली समस्याओं सहित अन्य स्थानीय समस्याओं के बारे में भी विस्तृत जानकारी ली। इस दौरान एक पुराना नाला टूटने के कारण हर वर्ष खेतों में जलभराव की स्थिति, शहरोज बाईपास बन जाने के कारण खेतों में भरे हुए पानी की निकासी का ना होना, हाईवे के दोनों तरफ नाला बनाए जाने तथा बीच ग्राम में स्थित पोखरे में बरसात के पानी की निकासी में उत्पन्न अवरोध को हटाए जाने जैसी समस्याओं से ग्रामीणों ने अवगत कराया। ग्रामीणों द्वारा बताई गई समस्याओं को लेकर ग्राम के दोनों लेखपाल अजय कुमार राय एवं राजकुमार ने अनभिज्ञता प्रकट की साथ ही दायित्वों का अभी तक किसी भी तरह की तैयारी ना करने के कारण दोनों को निलंबित करने के निर्देश दिया।

## एक नजर

### २२२२२२मिस बनारस ब्यूटी पेजेंट की विनर बनी अमृता



**बलिया।** सुखपुरा थाना अंतर्गत अलावलपुर(रजवाड़) निवासी अमृता शर्मा ने बलिया का नाम रोशन किया है। अमृता शर्मा बनारस में आयोजित मिस बनारस ब्यूटी पेजेंट की विनर रही। बीएफएफ द्वारा बीते रविवार को नदेसर होटल मैजिक लीफ में मिस्टर, मिस और मिसेज बनारस 2023 ब्यूटी पैडजेंट सीजन 3 का ग्रैंड फिनाले का आयोजन किया गया था। तीन राउंड में चली इस प्रतियोगिता में साठ युवा और महिला प्रतिस्पर्धियों ने प्रतिभाग किया। इन युवा और महिलाओं के अंदर छुपी प्रतिभाओं का आकलन किया गया, जिसके तहत वाराणसी की मिसेज एशिया विजयता सचदेव, मिसेज इंडिया इंटरनेशनल रितु सोनी, मिसेज इंडिया इंटरनेशनल शालिनी गुप्ता के साथ ही अन्य मेम्बरों ने मिलकर बीएफएफ ग्रैंड फिनाले में मिस्टर, मिस एंड मिसेज 2023 की विजेता का परिणाम घोषित किया। जिसमें प्रथम स्थान पर अमृता शर्मा तथा द्वितीय स्थान पर रुक्मिणी रही। मुख्य अतिथि रूप में सोशल एक्टिविटीज एंड प्रेसिडेंट ऑफ हम भारत हैं के साकेत जी रहे। सभी जूरी मेंबरों ने विजेताओं को क्राउन और सैस से सम्मानित किया। इस दौरान जूरी के अन्य सदस्यों ने भी बच्चों को मॉडलिंग की बारीकियों से अवगत कराया।

### सीएमएस का छात्र नेताओं ने किया घेराव



**बलिया।** जिला अस्पताल के सीएमएस का घेराव छात्र नेताओं ने किया। इस दौरान सीएमएस से मांग किया की एक सप्ताह के अंदर अस्पताल में व्याप्त धांधली खत्म होनी चाहिए। अन्यथा वे आन्दोलन के लिए बाध्य होंगे। बताते चलें कि छात्र नेता सूरज यादव के नेतृत्व में दर्जनों छात्रनेताओं ने सीएमएस का घेराव कर प्रदर्शन किया। छात्रनेताओं का कहना था कि अस्पताल में व्यापक पैमाने पर धांधली हो रही हैं मरीजों को बाहर की दवाओं और जांच के लिए भेजा जा रहा है। अस्पताल से? मिलने वाली सुविधा मरीजों को नहीं मिल रही है। जिससे मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं अस्पताल के कर्मचारी भी मरीजों के साथ भेदभाव रवैया अपनाते है। उन्होंने सीएमएस को चेतावनी दी कि अगर एक सप्ताह के अंदर मौजूदा व्यवस्था में सुधार नहीं होता हैं। वे आन्दोलन के लिए बाध्य होगे। जिस पर सीएमएस एसके यादव ने उन्हें आश्वासन देते हुए भरोसा दिया कि अस्पताल की व्यवस्था में सुधार होगा। जब जाकर घेराव खत्म हुआ। इस मौके पर प्रवीण सिंह, अमित सिंह, सिंटू यादव, मोहित चौधरी, अभिनव, रानू पाठक, अनुराग पटेल, हिमांशु सिंह, अमन सिंह, रिशु पांडेय, मुरली यादव, अभिनव आदि छात्र नेतागण मौजूद रहे।

### टोंस नदी में डूबा वृद्ध, खोजबीन जारी

**बलिया।** फेफना थाना क्षेत्र के तीखा गांव के सामने मंगलवार को दोपहर बाद एक वृद्ध टोंस नदी में डूब गया। सूचना पर पहुंची पुलिस नदी में वृद्ध की खोजबीन कर रही है। फिलहाल उनका सुराग नहीं लग सका है। इस घटना से गांव-घर में मातम पसरा हुआ है। जानकारी के अनुसार तीखा निवासी महातम यादव कुछ साल पहले अमीन पद से रिटायर हुए थे। वह फेफना चट्टी से पश्चिम रसड़ा मार्ग पर मकान बनाकर रहते थे। बताया जाता है कि मंगलवार की दोपहर बाद वह भैंस को लेकर चराने तीखा गांव से सटे पीपरा पुल के पास गये थे। इसी बीच वह किसी प्रकार टोंस नदी में डूब गये। लोगों की सूचना पर ग्रामीणों के साथ ही पुलिस मौके पर पहुंच गयी। इसके बाद मल्लाहों की मदद से नदी में उनकी खोजबीन शुरू हुई। नदी में पानी अधिक होने के चलते

## चेकिंग के दौरान 32 वाहन चालकों का काटा गया चालान



**मऊ।** दोहरीघाट थाना क्षेत्र के क्षेत्र के आजमगढ़ मोड़ के पास यातायात नियमों से संबंधित नियमों का पालन कराने हेतु चेकिंग के दौरान एक चारपहिया वाहन पर मिले दोपहिया वाहन के नंबर प्लेट पर पुलिस ने वाहन को सीज करते हुए चालक को हिरासत में लेकर जांच पड़ताल के लिए थाने पहुंचाया। पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडे के निर्देशन में यातायात नियमों का पालन कराने एवं जाम की समस्या से निजात दिलाने हेतु टीएसआई केदारनाथ भारती को दोहरीघाट भेजा गया। मंगलवार की सुबह टीएसआई केदारनाथ ने पीएससी पुलिस बल के साथ चेकिंग के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले सभी छोटे बड़े 32 वाहनों का चालान किया। उसी बीच दोहरीघाट थाना क्षेत्र के आजमगढ़ मोड़ के पास चेकिंग के दौरान एक चारपहिया वाहन पर संदेह हुआ तुरंत चारपहिया वाहन को रोककर चेक किया गया। चेकिंग के दौरान चारपहिया वाहन के नंबर प्लेट पर दोपहिया वाहन पैशन प्रो का नंबर मिला। पुलिस ने तुरंत कार्यवाही करते हुए चार पहिया वाहन को सीज करते हुए वाहन चालक हिरासत में लेकर जांच पड़ताल के लिए थाने ले गई।

## युवक को टक्कर मार गुमटी में घुसा पिकअप

**बलिया।** जिला मुख्यालय बलिया से मंगलवार को आम लाद कर तेज रफ्तार से आ रही पिकअप साइकिल सवार को कुचलते हुए सड़क किनारे लगी गुमटी में घुस गयी। तेज टक्कर से साइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। गुमटी के परखच्चे उड़ गये।गुमटी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी। पुलिस ने घायल को सोनबरसा अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने गम्भीरावस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया। उधर, पुलिस ने पिकअप को कब्जे में ले लिया है। हालांकि चालक फरार होने में सफल रहा। एसएचओ धर्मवीर सिंह ने बताया कि बलिया से एक पिकअप आम लादकर बैरिया आ रही थी।बैरिया के चिरैयामोड़ पर जमालपुर निवासी जगदीश पटेल (30) साइकिल से बैरिया आ रहा था, तभी उन्हें धक्का मारते हुए रोड के किनारे समीप की गुमटी में जा घुसी।

## मोदी के नेतृत्व में भारत बनने जा रहा विश्व गुरु

**केटी न्यूज/बलिया**



भाजपा द्वारा नगर के माल्देपुर स्थित एक निजी होटल में मंगलवार को टिफिन पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद नीरज शेखर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कार्यकताओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। वहीं सभी लोगों ने अलग-अलग व्यंजनों का भी लुत्फ उठाया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद नीरज शेखर ने कहा कि आज देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्वगुरू बनने की ओर अग्रसर है। आज मोदी के खौफ से विपक्ष एकजुट होने पर मजबूर हो गए है। लेकिन जनता–जनार्दन को मालूम है कि खिचड़ी सिर्फ भोजन के तौर पर अच्छा लगता है,

◆ **टिफिन पर चर्चा कार्यक्रम में सांसद के अंदाज का हर कोई हुआ कायल**

सरकार के तौर पर नहीं है। कहा कि पहले डबल इंजन की सरकार थी, लेकिन अब बलिया नगर में ट्रिपल इंजन की सरकार से नगर का चहूंमुखी विकास हो रहा है। अब तक बलिया सिर्फ बागी तेवरों के लिए जाने जाते थे, लेकिन अब बलिया पर्यटन स्थल के रूप में जाने जाएंगे। इस मौके पर भाजपा के जिलाध्यक्ष जय प्रकाश साहू, संजय मिश्र, किसन मोर्चा के संतोष पाण्डेय, सिद्धार्थ शंकर सिह, धर्मवीर सिंह, मानवेंद्र विक्रम सिंह, राकेश सिंह, अमित गिरी, अदालत सिंह सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।





